Title : Need to establish a Government Ayurvedic college in Guna Parliamentary Constituency-Laid.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): मेरे संसदीय क्षेत्र गुना को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल किया गया है और आस पास के किसी भी जिले में आयुर्वेदिक शिक्षा के लिए कोई सरकारी संस्थान नहीं है । मध्य प्रदेश एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है और हमारा वन क्षेत्रफल 77,493 sq km है जहाँ पर विभिन्न प्रकार की आयुष औषधियां जैसे अश्वगंधा और गिलोय की खेती होती है । स्थानीय लोग जिनमें आदिवासी समुदाय भी शामिल है अनेक वर्षों से इन औषधियों का प्रयोग विविध बीमारियों के उपचार में परंपरागत तरीके से करते आ रहे है और इस क्षेत्र में विकसित ज्ञान प्रणालियां हैं जिन के प्रयोग से कई रोगों की रोकथाम, निवारण और इलाज किया जाता रहा है इनकी गुणवत्ता एवं उपलब्धता को देखते हुए मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में आयुर्वेदिक शिक्षा को विकसित करने हेतु राष्ट्रीय आयुष मिशन के माध्यम से एक सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज स्थापित किया जाए जिससे आयुर्वेद में शिक्षा और गुणवत्ता वाले चिकित्सक तैयार होंगे जो आयुर्वेद जैसी प्रचीन धरोहर का विकास करेंगे और मेरे क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के अच्छे अवसर भी प्राप्त होंगे । इस कॉलेज की स्थापना से पूरे क्षेत्र का विकास होगा और आयुर्वेद के माध्यम से उपचार को बढ़ावा मिलेगा ।